सत्यमेव जयते

कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
उत्तराखण्ड, देहरादून

उत्तराखण्ड राज्य के वन/जलागम प्रभागों की कार्यप्रणाली पर वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन

वर्ष 2023–24

उत्तराखण्ड सरकार

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	2
2.	महत्वपूर्ण बिन्दु	3–4
3.	संस्तुतियां	5–6
4.	परिचयात्मक	7
5.	संरचना	8
6.	भाग–प्रथम	9 – 20
7.	द्वितीय– भाग	20
8.	परिशिष्ट 1 से 17	21–43

प्रस्तावना

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के स्थायी आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हकदारी) खण्ड–I के प्रस्तर 9.10 के प्रावधान के अनुसार इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए वन विभाग एवं जलागम परियोजना के प्रभागों की कार्य प्रणाली पर वार्षिक समीक्षा तैयार की जाती है एवं अनुवर्ती वित्त वर्ष के 31 दिसम्बर तक राज्य सरकार को भेज दी जाती है। इस समीक्षा का उद्देश्य उत्तराखण्ड राज्य के वन विभाग एवं जलागम परियोजना के प्रभागों के लेखों के रख–रखाव एवं लेखांकन में परिलक्षित अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं सामान्य प्रकृति की त्रुटियों को इंगित करके उनमें आवश्यक सुधार करना है। इसके अतिरिक्त इसमें लेखा परीक्षा कार्यालय द्वारा लेखा परीक्षा में यदि महत्वपूर्ण अनियमितताएं पायी जाती हैं तो उनको भी सम्मिलित किया जाता है। वन विभाग के लेखा कर्मचारियों द्वारा मासिक लेखे तैयार करने में आवश्यक लेखा नियमों, प्रणालियों की पर्याप्त जानकारी के अभाव में लेखा या तो पूर्ण रूप से तैयार नहीं किये जाते हैं या तैयार भी किये जाते हैं तो उनकी गुणवत्ता उच्च स्तरीय नहीं होती है, इसलिए वन विभाग एवं जलागम परियोजना के प्रभागों द्वारा लेखा संधारण में अभी भी सुधार की सम्भावनायें हैं।

मैं आशा करता हूँ कि यह प्रतिवेदन उत्तराखण्ड राज्य के वन विभाग एवं जलागम परियोजना के लेखा कर्मचारियों/अधिकारियों को लेखांकन की त्रुटियों के प्रति सचेत करने तथा भविष्य में नियमानुसार कार्य सम्पादित करने की दृष्टि से मार्गदर्शन करने में उपयोगी सिद्ध होगा।

दिनांकः
स्थानः देहरादून

(राजीव कुमार सिंह)
महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
उत्तराखण्ड

महत्वपूर्ण बिन्दु

प्रथम भाग लेखा

1. राज्य में वन एवं जलागम प्रभागों में IFMS प्रणाली लागू किया जाना (प्रस्तर–1)।
2. ऐसे वन प्रभाग जिनके द्वारा संपूर्ण मासिक लेखों को प्रेषित ही न किया जाना एवं प्रभागों द्वारा मासिक लेखे विलम्ब से भेजा जाना (प्रस्तर–2)
3. वन प्रभागों द्वारा त्रैमासिक लेखा मिलान पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिये प्रभागीय अधिकारियों द्वारा वास्तविक व्यय पर सतत दृष्टि का अभाव (प्रस्तर–3)
4. मासिक लेखों के साथ वर्गीकृत सार की मूल प्रति न भेजा जाना तथा सार के अन्त में निर्धारित प्रमाण–पत्र अंकित न किया जाना (प्रस्तर–4) ।
5. माह के दौरान निर्गत E-payment के सापेक्ष भुगतान के पश्चात् अवशेष E-payment का विवरण उपलब्ध नही कराया जाना (प्रस्तर–5)।
6. वन प्रभागों के संवितरकों अधिकारी/अधिनस्थ कर्मचारी को दिये गये अग्रिम धनराशि का समायोजन /वसूली न किया जाना (प्रस्तर–6)।
7. मासिक लेखे के साथ प्रेषित आय तथा व्यय के वर्गीकृतसार ई–11 प्रगामी आय व्यय पत्रक ई–7 एवं अनुसूचियों /प्रमाणकों पर लेन देनों से सम्बधित लेखाशीर्षों का पूर्ण विवरण न अकिंत किया जाना (प्रस्तर–7)।
8. मासिक लेखों के साथ सी0सी0एल /डी0सी0एल पासबुक संलग्न न किया जाना (प्रस्तर–8)।
9. मासिक लेखों के साथ वन जमा के आय /व्यय प्रपत्र ई–23 संलग्न न किया जाना (प्रस्तर–9)
10. मासिक लेखाओं में पायी गई अन्य त्रुटियाँ (प्रस्तर–10)।
11. संकलित मासिक लेखे में अनावश्यक रुप से आयकर, स्टाम्प ड्यूटी तथा बिक्री कर तथाा जी0एस0टी0 को दिखाया जाना (प्रस्तर–11)।

12. वित्तीय वर्ष 2023.24 में वन विभाग के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान /नवीन आवंटन प्रकरणों के सम्बन्ध में (प्रस्तर–12)।

द्वितीय भाग लेखापरीक्षा

1, लेखापरीक्षा के दौरान पायी गयी अनियमितताऐं।

संस्तुतियाँ

महालेखाकार (लेखा0 एवं हक0) कार्यालय द्वारा तैयार किये जाने वाले राज्य के वित्त एवं विनियोजन लेखों में वन विभाग एवं जलागम परियोजना के व्यय एवं प्राप्ति के यथार्थ एवं सही आंकड़े सम्मिलित होने चाहिए। इस दृष्टि से प्रभागों द्वारा प्रेषित किये जाने वाले संकलित/कोषागार द्वारा प्रेषित मासिक लेखों की समीक्षा की जाती है और प्रकाश में आये परिणामों से सम्बन्धित प्रभागों को समय–समय पर अवगत कराया जाता है। इसी क्रम में खण्डों के लेखों में सुधार एवं गुणवत्ता में वृद्धि की दृष्टि से राज्य शासन/विभागाध्यक्ष द्वारा वन विभाग एवं जलागम परियोजना के अधिकारियों को निम्नलिखित अनुदेश जारी किये जाने हेतु प्रस्तावित हैः–

1. कार्यालय महालेखाकार को मासिक लेखे अनिवार्य रूप से निर्धारित समयावधि तक भेजना सुनिश्चित करें।
2. कार्यालय महालेखाकार द्वारा प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के मिलान हेतु निर्धारित तिथि तक आंकड़ों का मिलान कराना सुनिश्चित करें।
3. वर्गीकृत सार में निर्धारित प्रमाणपत्र आवश्यक रुप से अंकित करना सुनिश्चित करें।
4. वन/जलागम प्रभागों के माह के दौरान अनाहरित अवशेष चेकों की सूची मासिक लेखे के साथ भेजना सुनिश्चित करें।
5. संकलित मासिक लेखों में स्टाम्प ड्यूटी, आयकर तथा बिक्री कर की राशि को सम्मिलित न किया जाना सुनिश्चित करें।
6. वन प्रेषण के अन्तर्गत कोषागार में जमा धनराशि के चालानों की प्रति एवं विवरण यदि कोई है, की सूची अनिवार्य रूप से मासिक लेखे के साथ भेजना सुनिश्चित करें।
7. मासिक लेखे के साथ संलग्न सम्बन्धित प्रपत्रों/प्रमाणकों/अनुसूचियों में पूर्ण लेखा वर्गीकरण (15 अंकीय) अनिवार्य रुप से अंकित करना सुनिश्चित करें।

8. विभाग द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्य निष्पादन हेतु दी जाने वाली वन अग्रिम राशि का समायोजन/वसूली वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

9. विभाग एवं प्रभागों से सेवानिवृत होने वाले व सेवानिवृत हुये अधिकारियों/कर्मचारियों के सा.भ. नि. के ऋणात्मक प्रकरणों की वसूली कराना सुनिश्चित करें।

10. चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में प्रोन्नत कर्मचारियों की चतुर्थ श्रेणी सा0भ0नि0 खाते में जमा धनराशि अघतन ब्याज सहित चालान के माध्यम से उनके तृतीय श्रेणी सा0भ0नि0 खाते में स्थानान्तरण कराना सुनिश्चित करें।

11. संकलित मासिक लेखों के साथ वन जमा के आय–व्यय प्रपत्र (ई–23) की सत्यापित प्रति संलग्न कर प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

12. संकलित मासिक लेखों के साथ सीसीएल/डीसीएल पासबुक एवं कोषागार मिलान की सत्यापित प्रति प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

वन विभाग एवं जलागम परियोजना के प्रभागों की कार्य प्रणाली पर वर्ष – 2023–24 की वार्षिक समीक्षा आख्या

परिचयात्मक

यह समीक्षा उत्तराखण्ड राज्य के वन विभाग एवं जलागम परियोजना के प्रभागों की कार्य प्रणाली का मूल्यांकन है। विभिन्न प्रभागों के मासिक लेखों में हो रही निरन्तर व सामान्य प्रकृति की अनियमितताओं को इस समीक्षा आख्या में सम्मिलित किया गया है। यहाँ यह भी उल्लेख किया जाता है कि इस समीक्षा आख्या में जो भी अनियमितताएं, कमियाँ एवं त्रुटियाँ शामिल की गयी हैं वे विस्तृत नहीं बल्कि उदाहरण के रूप में हैं।

दिनांक 31.03.2024 को वन विभाग **(परिशिष्ट–1)** एवं जलागम **(परिशिष्ट –2)** परियोजना के प्रभागों की कुल संख्या 57 थी। विभाग वार प्रभागों की संख्या निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	विभाग	प्रभागों की संख्या
1.	वन विभाग के वृत्त/प्रभाग	46
2.	जलागम परियोजना के वृत्त/प्रभाग	11
	योग	57

संरचना

समीक्षा आख्या दो भागों में निम्नवत् तैयार की गयी है:–

प्रथम–भागः इस भाग में प्रभागों से प्राप्त हुये मासिक लेखों की प्रारम्भिक जाँच एवं लेखों के संकलन के दौरान पायी गयी कमियों/अनियमितताओं को शामिल किया गया है।

द्वितीय–भागः इस भाग में लेखा परीक्षा कार्यालय के केन्द्रीय लेखा परीक्षा के दौरान वन प्रभागों में पायी गयी वित्तीय अनियमितताओं एवं त्रुटियों को शामिल किया गया है।

भाग– प्रथम

(लेखा)

प्रस्तर 1: राज्य में वन एवं जलागम प्रभागों में IFMS प्रणाली का लागू किया जानाः–

उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 129/XXVII (6)/एक/2018/2019 दिनांक 29/03/2019 एवं पत्रांक 306/XXVII (6)/430/एक/2018/2019 दिनांक 05/09/2019 के द्वारा वन लेखों के प्रेषण के संबंध में IFMS प्रणाली राज्य में अप्रैल 2019 से लागू की गयी है। इस प्रणाली के अंतर्गत वन एवं जलागम प्रभागों के मासिक लेखे कोषागार के माध्यम से IFMS Generated प्रेषित किये जाते हैं। अतः उक्त शासन आदेश दिनांक 05.09.2019 के अनुसार वन लेखों से सम्बन्धित वन प्रेषण (8782–00–103) को दिनांक 01.09.2019 से समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार सम्बंधित लेखा संहिता वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग VII में भी संशोधन अपेक्षित है।

लेखाशीर्ष 8782–00–103 के समाप्त होने के उपरान्त भी कुछ प्रभागों द्वारा लेखाशीर्ष 8782–00–103 के अंतर्गत चालान के द्वारा राशियों को जमा किया जा रहा है जबकि 8782 से सम्बंधित आँकड़ो को सीधे 8443–00–109 में जमा करना तर्कसंगत है।

प्रस्तर 2 (अ) ऐसे वन प्रभाग जिनके द्वारा संपूर्ण मासिक लेखों को प्रेषित ही न किया जानाः–

अप्रैल 2019 से राज्य में IFMS प्रणाली लागू की गयी। इस प्रणाली के अंतर्गत यह व्यवस्था की गयी कि प्रत्येक वन एवं जलागम प्रभाग मासिक लेखों को संबंधित कोषागार को प्रेषित करेगें। संबंधित कोषागार इन लेखाओं को संकलित कर कार्यालय महालेखाकार (ले0 एवं हक0) उत्तराखण्ड को प्रेषित करेगें। सभी कोषागार नियमित रूप से मासिक लेखों को संकलित कर INTERFACE/ IFMS Generated लेखे प्रेषित कर रहे है, साथ ही इन मासिक लेखों की मूल प्रति भौतिक रूप में भी इस कार्यालय को प्राप्त

करानी अनिवार्य है। परन्तु कुछ प्रभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में सम्पूर्ण मासिक लेखे इस कार्यालय में प्रेषित नही किये गये। ऐसे प्रभागों की सूची परिशिष्ट–3 में अंकित है।

प्रस्तर 2: (ब) मासिक लेखों का विलम्ब से भेजा जानाः–

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर 201 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रभागों के संकलित मासिक लेखे सभी प्रपत्रों सहित (केवल माह मार्च के लेखे को छोड़कर) अगले माह 10 तारीख तक एवं मार्च माह के मासिक लेखे 20 अप्रैल तक महालेखाकार कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए। परन्तु पाया गया कि अधिकतर वन प्रभागों के अधिकारियों द्वारा संकलित मासिक लेखे महालेखाकार कार्यालय में प्राप्त कराये जाने के सम्बन्ध में उपरोक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया गया और ना ही विलम्ब के कारणों का उल्लेख किया गया। इस सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा संबन्धित प्रभागीय अधिकारी एवं शासन को स्थिति से अवगत कराने के पश्चात् भी मासिक लेखे विलम्ब से प्रेषित किये गये और विलम्ब होने के कारण भी सूचित नहीं किये गये। सूच्य है कि मासिक लेखे विलम्ब से प्राप्त होने की स्थिति में सम्बन्धित माह के राज्य लेखे में वन एवं जलागम प्रभागों के मासिक लेखों को शामिल न किये जाने पर उस माह के राज्य लेखे का वास्तविक व्यय चिन्हित नहीं हो पाता है।

यहाँ यह सूचित करना भी आवश्यक है कि IFMS प्रणाली लागू होने के पश्चात कोषागारों द्वारा IFMS के माध्यम से मासिक लेखे प्रेषित करने के साथ–साथ वन एवं जलागम प्रभागों द्वारा पूर्व की भाँति (अगले आदेश तक) इस कार्यालय को मासिक लेखे प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।

नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले लेखों की माहवार स्थिति निम्न तालिका–1 में दर्शायी गई है तथा विलम्ब से प्राप्त हुये मासिक लेखों की प्रभागवार एवं माहवार स्थिति **परिशिष्ट '4' एवं '5'** में दी गई है।

तालिका–1

माह	माह में देय कुल लेखों की संख्या		नियत तिथि के बाद प्राप्त एवं अप्राप्त होने वाले लेखों की संख्या		विलम्ब से प्राप्त/अप्राप्त लेखों का प्रतिशत	
	वन	जलागम	वन	जलागम	वन	जलागम
04 / 2023	46	11	46	11	100	100
05 / 2023	46	11	31	09	67	82
06 / 2023	46	11	31	06	67	55
07 / 2023	46	11	33	06	72	55
08 / 2023	46	11	39	06	85	55
09 / 2023	46	11	43	09	94	82
10 / 2023	46	11	39	08	85	73
11 / 2023	46	11	33	06	72	55
12 / 2023	46	11	37	04	80	36
01 / 2024	46	11	33	05	72	46
02 / 2024	46	11	37	06	80	55
03 / 2024	46	11	26	08	57	73
	552	132	428	84	77.53%	63.63%

शासन को ऐसे प्रभागों को कड़े निर्देश जारी करने की आवश्यकता है जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में निर्धारित तिथि तक इस कार्यालय में मासिक लेखे प्रस्तुत नहीं किये गये। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है एवं कृत कार्यवाही से कार्यालय महालेखाकार को भी अवगत कराना अपेक्षित रहेगा।

प्रस्तर–3: वन प्रभागों द्वारा त्रैमासिक लेखा मिलान पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिये प्रभागीय अधिकारियों द्वारा वास्तविक व्यय पर सतत् दृष्टि का अभावः–

प्राप्ति एवं व्यय के सही तथा वास्तविक आंकड़ों को प्राप्त करने हेतु वन प्रभागों के लेखे में दर्शाये गये प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों का महालेखाकार कार्यालय के अभिलेखों में दर्ज आंकड़ों से मिलान किया जाना अति आवश्यक है, जिससे राज्य सरकार के लेखों में लेखाशीर्षों के अन्तर्गत वास्तविक आंकड़े प्रदर्शित हो सके। अतः प्रभागीय अधिकारियों को अपने प्रभागों के लेखे में दर्शाये गये आंकड़ों का इस कार्यालय के अभिलेखों में दर्शाये गये आंकड़ों से मिलान निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक कराना वांछित थाः–

क्रम सं0	त्रैमास	लेखे की अवधि	मिलान की निर्धारित तिथि
1.	प्रथम	अप्रैल से जून तक	31.08.2023 तक
2.	द्वितीय	जुलाई से सितम्बर तक	15.11.2023 तक
3.	तृतीय	अक्टूबर से दिसम्बर तक	15.03,.2023 तक
4.	चतुर्थ	जनवरी से मार्च तक	15.05.2024 तक

परन्तु वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 35 प्रभाग ऐसे हैं जिनके द्वारा त्रैमासिक मिलान हेतु प्राप्ति एवं व्यय के आँकड़े भेजे ही नही गये। ऐसे प्रभागों की सूची **परिशिष्ट–6** में दर्शायी गयी है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि 15 प्रभाग ऐसे है जिनके द्वारा त्रैमासिक मिलान हेतु प्राप्ति एवं व्यय के आँकड़े विलम्ब से भेजे गये। ऐसे प्रभागों की सूची **परिशिष्ट–7** में दर्शायी गयी है।

विदित है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्ति लेखा शीर्ष 0406 में आकडों का मिलान मुख्य लेखाशीर्ष तथा लघु लेखाशीर्ष वार किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्य लेखाशीर्ष 0406 में प्राप्त कुल धनराशि रु0 55064991012/– के सापेक्ष विभाग द्वारा धनराशि रु0 5331785694/– का मिलान कराया गया है।

इस संम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि मिलान प्रक्रिया का उद्देश्य लेखाओं में पायी गयी किसी भी कमी/त्रुटि को सुधारना है जिससे कि राज्य के मासिक लेखों में आय एवं व्यय की धनराशि आबंटित बजट के सापेक्ष सही परिलक्षित हो। मिलान न कराने एवं विलम्ब से मिलान कराने से मासिक लेखों में राज्य की सही वित्तीय स्थिति परिलक्षित नही हो पाती है।

मिलान सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्यो देखते हुये प्रकरण शासन/उच्चधिकारियों के संज्ञान में इस आशय से लाया जा रहा है कि सम्बन्धित विभागों को निर्धारित तिथि तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ त्रैमास के आंकड़ों का, महालेखाकार कार्यालय के आंकड़ों से मिलान अवश्य कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें एवं विभागों में समय पर मिलान सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन की प्रणाली विकसित करें एवं उसका सतत् पर्यवेक्षण भी सुनिश्चित करायें।

प्रस्तर–4: मासिक लेखों के साथ वर्गीकृत सार की मूल प्रति न भेजा जाना तथा सार के अन्त में निर्धारित प्रमाण–पत्र अंकित न किया जानाः–

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर 200 के अनुसार प्रति माह भेजे जाने वाले मासिक लेखों के साथ वर्गीकृत सार की मूल प्रति निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय को भेजा जाना चाहिए। परन्तु वर्ष 2023–24 मे पाया गया कि कतिपय प्रभागों द्वारा मासिक लेखे के साथ वर्गीकृत सार की मूल प्रति प्रेषित नही की गयी है। ऐसे प्रभागों की सूची परिशिष्ट–8 पर अंकित है।

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर 188 के अनुसार व्यय के वर्गीकृत व्यय सार के अन्त में निर्धारित प्रमाण–पत्र अंकित किया जाना चाहिए, ताकि लेखों में दर्ज आंकड़ों की सत्यता सिद्ध हो सके, परन्तु पाया गया है कि उक्त नियम का पालन प्रभागों द्वारा नहीं किया गया। प्रकरण को उच्चाधिकारियों/शासन के संज्ञान में इस आशय से लाया जाता है कि प्रति माह भेजे जाने वाले मासिक लेखे के साथ वर्गीकृत सार की मूल प्रति निर्धारित प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र का प्रारूप **परिशिष्टः 9**) के अनुसार भेजना सुनिश्चित किया जाये।

प्रस्तर–5: माह के दौरान निर्गत E-payment के सापेक्ष भुगतान के पश्चात् अवशेष E-payment का विवरण उपलब्ध न कराया जानाः–

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के स्थायी आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हकदारी) खण्ड 1 के प्रस्तर 9.3 के अनुसार प्रभागों द्वारा प्रतिमाह प्रपत्र ई–6 में निर्गत E-payment में से कोषागार द्वारा भुगतान के पश्चात् अवशेष E-payment को कोषागार से मिलान करने के उपरान्त उनकी विवरण सूची मासिक संकलित लेखे के साथ इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना प्रावधानित है, परन्तु पाया गया है कि वन प्रभागों द्वारा उक्त नियम का पालन नही किया गया, जिस कारण अवशेष भुगतान की वास्तविक स्थिति ज्ञात नहीं हो पाई है। उच्चाधिकारियों/शासन से अपेक्षा की जाती है कि प्रभागीय अधिकारियों को उक्त प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाये।

प्रस्तर–6: वन प्रभागों के संवितरकों (अधिकारी/अधिनस्थ कर्मचारी) को दिये गये वन अग्रिम धनराशि का समायोजन/वसूली न किया जानाः–

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर–154 के अन्तर्गत वन विभाग के प्रखण्डों के संवितरक अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध

में भुगतान हेतु वन अग्रिम दिये जाने का प्रावधान है। नियमानुसार इन अग्रिमों का समायोजन सम्बन्धित वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व ही किया जाना अपेक्षित है। यदि अग्रिमों का समायोजन न हो पाये तो सम्बन्धित अधिकारी द्वारा असमायोजित धनराशि को शासकीय लेखे में वापस जमा किया जाना चाहिए। विशेष अपरिहार्य परिस्थिति में यदि असमायोजित अवशेष राशि की वसूली सम्बन्धित संवितरक अधिकारी/कर्मचारी से किया जाना सम्भव न हो तो इस धनराशि को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर–166 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के अधीन लेखाशीर्षक "प्रकीर्ण" के अधीन बट्टे खाते में डाला जा सकता है।

समीक्षा में पाया गया है कि **16** प्रखण्डों द्वारा विगत वर्षो से वर्ष 2023–24 तक में दिये गये वन अग्रिम रू **109243.81**/– का समायोजन/वसूली अद्यतन लम्बित है। जिसका विवरण **परिशिष्ट–10** में दिया गया है। प्रकरण आवश्यक समायोजन/वसूली हेतु उच्चाधिकारियों/शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

प्रस्तर–7: मासिक लेखे के साथ प्रेषित आय तथा व्यय के वर्गीकृतसार (ई–11), प्रगामी आय/व्यय पत्रक (ई–7) एवं अनुसूचियों/प्रमाणकों पर लेन–देनों से सम्बन्धित लेखाशीर्षों का पूर्ण विवरण न अंकित किया जाना।

नियमानुसार राजस्व एवं व्यय से सम्बन्धित विभिन्न लेन–देनों का लेखा वर्गीकरण 15 अंकीय संहिता में प्रत्येक अभिलेख पर निम्न क्रम में अंकित किये जाने चाहिए:–

1. राजस्व (प्राप्ति):

   मुख्य शीर्ष➔उप मुख्य शीर्ष ➔लघु शीर्ष ➔उप शीर्ष ➔विस्तृत शीर्ष ।

2. व्यय (भुगतान):

   अनुदान संख्या➔मुख्य शीर्ष ➔उप मुख्य शीर्ष ➔लघु शीर्ष ➔उप शीर्ष ➔ विस्तृत शीर्ष।

विभिन्न वन प्रभागों/जलागम प्रभागों से प्राप्त मासिक लेखा के साथ संलग्न उक्त अभिलेखों की जाँच करने पर यह पाया गया कि कुछ प्रभागों द्वारा उपरोक्तानुसार राजस्व/व्यय के लेखाशीर्ष अंकित नहीं किये गये परिणामतः महालेखाकार कार्यालय में तैयार मासिक एवं वार्षिक लेखों में भी उक्त कारण से त्रुटि परिलक्षित होने की सम्भावना रहती है।

अतः प्रभागों द्वारा प्रेषित मासिक लेखों के अभिलेखों में पूर्ण लेखा वर्गीकरण का अंकन सुनिश्चित किए जाने की नितान्त आवश्यकता है।

प्रस्तर–8: मासिक लेखों के साथ सी0सी0एल0/डी0सी0एल0 पासबुक संलग्न न किया जानाः–

वन/जलागम प्रभागों द्वारा माह के दौरान सिविल/जमा कार्यों में व्यय की गयी धनराशि का मासिक लेखे से मिलान हेतु डी0सी0एल0 पासबुक के प्रपत्र का मासिक लेखों के साथ प्रेषित करना आवश्यक होता है। परन्तु कुछ वन/जलागम प्रभागों द्वारा उक्त प्रपत्र मासिक लेखों के साथ संलग्न न किये जाने से व्यय के मिलान का कार्य बाधित होता है। उक्त प्रपत्र संलग्न न करने वाले प्रभागों की सूची **परिशिष्ट–11** में अंकित है।

प्रस्तर–09: मासिक लेखों के साथ वन जमा के आय/व्यय प्रपत्र (ई–23) संलग्न न किया जानाः–

वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–7 के प्रस्तर 198 के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा प्रति माह वन निक्षेपों के अन्तर्गत प्राप्तियों और समायोजनों के ब्यौरे और निक्षेप की प्रत्येक मद का अन्तिम शेष पृथक–पृथक प्रपत्र संख्या 23 में दर्शाया जाना चाहिए। जिससे प्रभाग वार माह के दौरान प्राप्ति एवं व्यय और अन्तिम शेषों का मिलान किया जा सके।

समीक्षा में पाया गया कि कुछ वन प्रभागों द्वारा वन निक्षेप प्रपत्र (ई–23) मासिक लेखों के साथ संलग्न नहीं किया गया। ऐसे वन प्रभागों की सूची **परिशिष्ट–12** में दर्शायी गयी है।

प्रस्तर–10: मासिक लेखों में पायी गयी अन्य त्रुटियाँः–

वन प्रभागों से प्राप्त मासिक लेखों की जाँच में निम्न प्रकार की त्रुटियाँ सामान्यतः प्रकाश में आयी हैंः–

1. कुछ वन प्रभागों द्वारा प्रेषित मासिक लेखों में रोकड़ बही के अन्तर्गत अनुदान संख्या /मुख्य लेखाशीर्ष का उल्लेख नहीं किया गया, ऐसे प्रभागों की सूची **परिशिष्ट–13** में दर्शायी गयी है।
2. लेखा संहिता भाग–तीन (ACCOUNT CODE VOLUME-III) के अनुसार अनुसूचियाँ निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर भेजी जानी चाहिए, जिससे अनुसूचियों का मिलान मासिक लेखे से करने में सुगमता रहे, परन्तु प्रायः यह देखने में आया है कि प्रभागों द्वारा अनुसूचियाँ निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर मासिक लेखे के साथ नहीं भेजी जाती हैं, जिससे अनुसूचियों से मासिक लेखा का मिलान पूर्णतः नहीं हो पाता है।
3. मासिक लेखों के साथ संलग्न अनुसूचियों में योग त्रुटिपूर्ण रहता है, जिससे उक्त राशियों का मिलान रोकड़ बही से करके लेखांकन करना सम्भव नहीं हो पाता है।
4. रोकड़ बही में लेखाशीर्ष व नामावली अंकित नहीं रहती है अथवा त्रुटिपूर्ण अंकित रहती है, जिस कारण आय/व्यय का बजट से सही मिलान नहीं हो पाता है। अतः लेखा वर्गीकरण त्रुटिपूर्ण रहने की सम्भावना रहती है।
5. रोकड़ वही (ई–7) में फॉरेस्ट डिपोजिट के मदों में प्राप्ति और जमा धनराशि के सम्मुख कुछ प्रभागों द्वारा मुख्य लेखाशीर्ष गलत दर्ज किया जाता है, जबकि डिपोजिट मदों की प्राप्ति में लेखाशीर्ष 8443 दर्ज होना चाहिए। गलत लेखाशीर्ष होने से लेखों में त्रुटियाँ होने की संभावना रहती है।
6. कुछ प्रभागों द्वारा मासिक लेखे के साथ व्यय विवरण सारांश संलग्न नहीं रहता है, जिसके कारण लेखाकंन का कार्य करने में असुविधा होती है।

प्रस्तर–11 संकलित मासिक लेखे में अनावश्यक रूप से आयकर, स्टाम्प ड्यूटी, बिक्री कर तथा जी0एस0टी0 को दिखाया जानाः–

कुछ प्रभागों द्वारा संकलित मासिक लेखे में मुख्य लेखाशीर्ष –0021, 0030 तथा 0040 की राशियों को आय और व्यय पक्ष में दर्शाया जा रहा है जबकि इन राशियों को उक्त मुख्य लेखाशीर्ष में कोषागार में चालान के द्वारा जमा किया जाना वांछित है। कोषागार अपने मासिक लेखे के साथ उक्त मुख्य लेखाशीर्षों की जमा राशियों का विवरण महालेखाकार को प्रस्तुत करते हैं, तदनुसार इसका लेखांकन इस कार्यालय के वी0एल0सी0 अनुभाग द्वारा किया जाता है। अतः वन प्रभागों द्वारा संकलित लेखे में उक्त शीर्षों में चालान द्वारा जमा राशियों को नहीं दर्शाया जाना चाहिये, क्योंकि इससे लेखांकन में असुविधा होती है तथा धनराशि के दोहरे (Double) लेखांकन की सम्भावना रहती है, ऐसे प्रभागों का विवरण **परिशिष्ट–14** पर अंकित है।

प्रस्तर–12: वित्तीय वर्ष 2023–24 में वन विभाग के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान/नवीन आवंटन प्रकरणों के सम्बन्ध में।

1. वित्तीय वर्ष 2023–24 तक वन विभाग के सम्बन्धित सा0भ0नि0 अधिक भुगतान प्रकरणों में से 1 प्रकरण में रू 28816/- की वसूली कई स्मरण–पत्र भेजने के बावजूद अभी तक नहीं हुई है। उक्त प्रकरण का विवरण **परिशिष्ट–15** में अंकित है।
2. वर्ष 2023–24 के दौरान वन विभाग से सम्बन्धित कुल 216 सा0भ0नि0 अंतिम भुगतान प्रकरण इस कार्यालय में प्राप्त हुए थे जिनमें से 214 प्राधिकार पत्र जारी किये जा चुके हैं तथा 02 प्रकरण विभाग को वापस किया गया है। वर्ष 2023–24 के दौरान कोई भी ऋणात्मक प्रकरण संज्ञान में नही आया है, एवं किसी भी ऋणात्मक प्रकरण में वसूली नही की गई है।

3. वन विभाग के खण्डीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सा0भ0नि0 लेखों का मिलान 90 प्रतिशत भुगतान से पूर्व किया जाता है।

4. चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में प्रोन्नत कर्मचारियों की सा0भ0नि0 धनराशि का स्थानान्तरण किया जा रहा है । जिन कर्मचारियों की धनराशि का स्थानान्तरण नही किया जाता है उन प्रकरणों में अद्यतन ब्याज सहित स्थानान्तरण हेतु विभाग से पत्राचार किया जाता है।

5 चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में धनराशि का स्थानान्तरण करते समय कुछ आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा चालान तृतीय श्रेणी के स्थान पर चतुर्थ श्रेणी का लेखाशीर्ष दर्ज कर दिया जाता है गलत लेखाशीर्ष दर्ज होने के कारण धनराशि तृतीय श्रेणी में जमा नही हो पाता है जिसके कारण संबधित अभिदाता को परेशानी होती है तथा अनुभाग द्वारा कोषागार / आहरण वितरण अधिकारी से धनराशि सही लेखाशीर्ष में दर्ज किये जाने हेतु पत्राचार किया जाता है।

6 भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार सामान्य भविष्य निधि लेखापर्ची कार्यालय द्वारा जारी करना बंद कर दिया गया है। अभिदाता को अपनी लेखापर्ची प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय की वेबसाइट [www.cag.gov.in/ae/uttarakhand] पर ऑनलाइन लेखा पर्ची प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गयी है।

7. वर्तमान में संज्ञान में आया है कि 21 सा0भ0नि0 खातों में धनराशि ऋणात्मक प्रदर्शित हो रही है। धनराशि ऋणात्मक प्रदर्शित होने के मुख्य कारण लुप्त अंशदानों का समायोजन न हो पाना, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी जिनकी प्रोन्नति तृतीय श्रेणी में हो गई है, उन कर्मचारियों की धनराशि का स्थानान्तरण तृतीय श्रेणी सा0भ0नि0 में नहीं किया जाना, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0 प्रयागराज से सा0भ0नि0 की वर्ष 2000 से पूर्व

की कटौतियों/अवशेषों का स्थानान्तरण न होना है। उक्त ऋणात्मक प्रकरणों का विवरण **परिशिष्ट–16** में अंकित है।

भाग–द्वितीय

(लेखापरीक्षा)

लेखापरीक्षा के दौरान पाई गयी अनियमितताएँ

वर्ष 2023–24 के दौरान वन प्रभागों की लेखापरीक्षा के दौरान अनेक प्रकार की अनियमितताऐं/कमियाँ/त्रुटियाँ पाई गयी। महत्वपूर्ण अनियमितताओं की सूची **परिशिष्ट–17,** में दी गयी है।

उपर्युक्त सभी प्रकरणों में वित्तीय हितों की सुरक्षा हेतु शासन द्वारा सुधारात्मक कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। अतः शासन के ध्यान में उक्त त्रुटियां/अनियमितताऐं लाते हुए भविष्य में उक्त त्रुटियों/अनियमितताओं की पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु शासन से समुचित कार्यवाही करने की अपेक्षा की जाती है।

परिशिष्ट–1

वन विभाग के वृत्तों/प्रभागों की सूची

क्रम संख्या	एफ0आर0डी0 कोड	वृत्त/प्रभाग	पता
1.	021	प्रभागीय वनाधिकारी	टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी
2.	022	उप वन संरक्षक	उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी
3.	023	उप वन संरक्षक	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, उत्तरकाशी
4.	024	प्रभागीय वनाधिकारी	टिहरी डैम–1, नई टिहरी
5.	025	प्रभागीय वनाधिकारी	नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, नरेन्द्रनगर
6.	026	प्रभागीय वनाधिकारी	टिहरी डैम–2, उत्तरकाशी
7.	041	प्रभागीय वनाधिकारी	गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।
8.	042	प्रभागीय वनाधिकारी,	बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर
9.	043	प्रभागीय वनाधिकारी	सिविल सोयम वन प्रभाग, पौड़ी
10.	044	प्रभागीय वनाधिकारी	अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग, गोपेश्वर
11.	045	प्रभागीय वनाधिकारी	रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग
12.	081	प्रभागीय वनाधिकारी	पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़
13.	082	प्रभागीय वनाधिकारी	बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर
14.	083	प्रभागीय वनाधिकारी	अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा
15.	084	प्रभागीय वनाधिकारी	सिविल सोयम अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा
16.	085	प्रभागीय वनाधिकारी	चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत
17.	111	प्रभागीय वनाधिकारी	केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग, गोपेश्वर
18.	112	उप वन संरक्षक	नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क, जोशीमठ, चमोली
19.	121	प्रभागीय वनाधिकारी	कालागढ़ टाईगर रिजर्व प्रभाग, लैंसडौन
20.	151	प्रभागीय वनाधिकारी	लैंसडौन वन प्रभाग, लैंसडौन
21.	152	प्रभागीय वनाधिकारी	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैंसडौन
22.	153	प्रभागीय वनाधिकारी	देहरादून वन प्रभाग, देहरादून
23.	154	प्रभागीय वनाधिकारी	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, कालसी
24.	155	प्रभागीय वनाधिकारी	हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार
25.	161	प्रभागीय वनाधिकारी	अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग, रामनगर, नैनीताल
26.	162	प्रभागीय वनाधिकारी	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, नैनीताल
27.	163	प्रभागीय वनाधिकारी	नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल
28.	164	प्रभागीय वनाधिकारी	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, रानीखेत
29.	181	प्रभागीय वनाधिकारी	हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी

क्रम संख्या I	एफ0आर0 डी0कोड	वृत्त / प्रभाग	पता
30.	182	प्रभागीय वनाधिकारी	तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी
31.	183	प्रभागीय वनाधिकारी	तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, विकास भवन रूद्रपुर
32.	184	प्रभागीय वनाधिकारी	तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर, नैनीताल
33.	185	प्रभागीय वनाधिकारी	रामनगर वन प्रभाग, रामनगर
34.	191	उप वन संरक्षक	चकराता वन प्रभाग, कालसी
35.	192	प्रभागीय वनाधिकारी	अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट
36.	193	उप वन संरक्षक	मसूरी वन प्रभाग, मसूरी
37.	194	प्रभागीय वनाधिकारी	टौन्स वन प्रभाग, पुरौला, उत्तरकाशी
38.	301	वन वर्धनिक	साल क्षेत्र, हल्द्वानी
39.	सी–05	मुख्य वन संरक्षक	गढ़वाल एवं प्रशासन पौड़ी
40.	सी–14	वन वर्धनिक	हिल रीजन, नैनीताल
41.	सी–32	उप निदेशक	गंगोत्री, राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी
42.	सी–33	उप निदेशक	गोविन्द वन्य जीव विहार, पुरोला
43.	सी–34	निदेशक	राजाजी राष्ट्रीय पार्क, देहरादून
44.	सी–35	निदेशक	कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, उत्तराखण्ड (नैनीताल)
45.	सी–36	निदेशक	उत्तराखण्ड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी, (नैनीताल)
46.	सी–38	वन संरक्षक	पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी

परिशिष्ट–2

जलागम विभाग के वृत्तों/प्रभागों की सूची

क्रम संख्या	एफ0आर0डी0 कोड	वृत्त/प्रभाग	पता
1.	सी–24	परियोजना निदेशक प्रशासन	जलागम प्रबन्ध निदेशालय, इन्दिरा नगर देहरादून।
2.	सी–26	परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, गढ़वाल क्षेत्र, मुनिकीरेती
3.	सी–27	परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, कुमाऊँ क्षेत्र, हल्द्वानी
4.	261	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, विकास नगर, फेज–2, देहरादून
5.	265	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, (पी0एम0यू0), देहरादून
6.	266	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, थत्यूड, टिहरी
7.	267	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, पौड़ी
8.	273	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, बागेश्वर
9.	274	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, पिथौरागढ़
10.	275	उप परियोजना निदेशक	यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, अल्मोड़ा
11.	268	उप परियोजना निदेशक	यू.डी.डब्ल्यू.डी.पी. फेज–2, पुरोला

परिशिष्ट–3

"सम्पूर्ण मासिक लेखे न प्रेषित करने वाले प्रभागों की सूची"

(प्रस्तर–2 (अ) भाग प्रथम)

क्रम संख्या	एफ0आर0डी0 कोड	वृत्त / प्रभाग	पता
1.	022	उप वन संरक्षक	उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी
2.	023	उप वन संरक्षक	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, उत्तरकाशी
3.	025	प्रभागीय वनाधिकारी	नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, नरेन्द्रनगर
4.	026	प्रभागीय वनाधिकारी	टिहरी डैम–2, उत्तरकाशी
5.	081	प्रभागीय वनाधिकारी	पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़
6.	082	प्रभागीय वनाधिकारी	बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर
7.	085	प्रभागीय वनाधिकारी	चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत
8.	164	प्रभागीय वनाधिकारी	भूमि संरक्षण वन प्रभाग, रानीखेत
9.	181	प्रभागीय वनाधिकारी	हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी
10.	182	प्रभागीय वनाधिकारी	तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी
11.	184	प्रभागीय वनाधिकारी	तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर, नैनीताल
12.	185	प्रभागीय वनाधिकारी	रामनगर वन प्रभाग, रामनगर
13.	194	प्रभागीय वनाधिकारी	टौन्स वन प्रभाग, पुरौला, उत्तरकाशी
14.	सी–14	वन वर्धनिक	हिल रीजन, नैनीताल फेरी हाल तल्लीताल नैनीताल।
15.	सी–36	निदेशक	उत्तराखण्ड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी, (नैनीताल)
16.	सी–38	वन संरक्षक	पश्चिमी वृत्त, हल्द्वानी

परिशिष्ट–4

नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले लेखाओं की सूची "वन विभाग"
प्रस्तर–2 (ब)

क्र0 सं0	एफ. आर. डी. कोड	प्रभाग/वृत्त	2023–24 में मासिक लेखाओं की प्राप्ति											
			अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्टूबर	नवम्बर	दिसम्बर	जनवरी	फरवरी	मार्च
1.	021	प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी	अप्राप्त	अप्राप्त	07.07.23	21.08.23	11.09.23	19.10.23	20.11.23	12.12.23	अप्राप्त	09.02.24	11.03.24	12.04.24
2.	022	उप वन संरक्षक, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी	सभी मांसिक लेखा अप्राप्त हैं											
3.	023	उप वन संरक्षक, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, उत्तरकाशी	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
4.	024	प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी डैम–1, नई टिहरी	08.05.23	06.06.23	12.07.23	17.08.23	22.09.23	19.10.23	23.11.23	11.12.23	अप्राप्त	अप्राप्त	14.03.24	10.04.24
5.	025	प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, नरेन्द्रनगर	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
6.	026	प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी डैम–2, उत्तरकाशी	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त
7.	041	प्राभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी	18.05.23	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	अप्राप्त	04.12.23	11.01.24	14.02.24	12.03.24	10.04.24
8.	042	प्राभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर	08.05.23	07.06.23	10.07.23	09.08.23	08.09.23	10.10.23	13.11.23	04.12.23	04.01.24	12.02.24	11.03.24	15.04.24
